राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने बिहारवासियों को 'महावीर जयन्ती' के पावन अवसर पर शुभकामनाएँ दी

पटना, 05 अप्रैल 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने 'महावीर जयन्ती' के पावन अवसर पर सभी बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने अपने 'शुभकामना–संदेश' में कहा है कि जैन धर्म के सुप्रसिद्ध तीर्थंकर महावीर स्वामी के जीवनादर्शों से हमें सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह की शिक्षा मिलती है।

राज्यपाल ने कहा है कि कर्म की प्रधानता में अटूट आस्था रखनेवाले जैन धर्म और दर्शन में जिस 'त्रिरत्न' –सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् आचरण का उल्लेख मिलता है, उसे अपने व्यावहारिक जीवन में उतारने से मानवता का पथ आलोकित होता है तथा राष्ट्रीय एकता और सद्भावना सुदृढ़ होती है।

राज्यपाल ने कहा है कि राज्य में 'कोरोना वायरस' के संक्रमण से बचाव के लिए 'सोशल डिस्टेन्सिंग' सहित अन्य सभी मार्ग–निर्देशों पर भी पूरी तरह अमल होना चाहिए।

....